# कार्यवृत्त

## अनुदान समिति की दूसरी बैठक

**2017-2018**

**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के पुरालेखीय भंडारों, सरकारी पुस्तकालयों और संग्रहालयों को वित्तीय सहायता स्कीम**

**(28 फरवरी 2018)**

**राष्ट्रीय अभिलेखागार**

**जनपथ, नई दिल्ली-110001**

**राष्ट्रीय अभिलेखागार**

**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के पुरालेखीय भंडारगृहों, सरकारी पुस्तकालयों**

**और संग्रहालयों को वित्तीय सहायता स्कीम, 2017-2018**

**28 फरवरी 2018 को हुई अनुदान समिति की दूसरी बैठक का कार्यवृत्त**

उपर्युक्त स्कीम के लिए दूसरी अनुदान समिति की बैठक 28 फरवरी 2018 को 11.30 बजे पूर्वाह्न को राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली में श्री प्रीतम सिंह, महानिदेशक, राष्ट्रीय अभिलेखागार, संस्कृति मंत्रालय की अध्यक्षता में हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रीतम सिंह, महानिदेशक,<br>राष्ट्रीय अभिलेखागार,<br>नई दिल्ली- | : | अध्यक्ष |
| 2. | सुश्री दीपिका पोखर्ना,<br>निदेशक, ए. एंड ए.,<br>संस्कृति मंत्रालय, शास्त्री भवन<br>नई दिल्ली-110001 | : | सदस्य |
| 3. | श्री प्रतापनंद झा,<br>निदेशक, कल्चरल इन्फॉर्मेटिक्स,<br>इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र,<br>11 मानसिंह रोड, नई दिल्ली-110001 | : | सदस्य |
| 4. | सुश्री ज्योत्सना अरोड़ा,<br>उप-निदेशक (पुस्तकालय)<br>आईसीएसआर, नई दिल्ली-110001 | : | सदस्य |
| 5. | श्री सुशील गर्जे,<br>निदेशक, अभिलेखागार विभाग (महाराष्ट्र सरकार),<br>एल्फिंसटन कॉलेज भवन,<br>एम जी रोड, कालाघोड़ा फोर्ट,<br>मुंबई-400032 | : | सदस्य |
| 6. | डा. एम.ए. हक<br>उप-निदेशक, अभिलेखागार,<br>राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली | : | सदस्य-सचिव |

बैठक में डा. (श्रीमती) रितु राजीव, सहायक निदेशक, अभिलेखागार (अनुदान), राष्ट्रीय अभिलेखागार भी उपस्थित थीं।

अनुदान समिति के निम्नलिखित सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डा. शमा मित्रा चिनॉय,<br>एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग,<br>शिवाजी कॉलेज, नई दिल्ली-110027 | : | सदस्य |
| 2. | श्री प्रेम कुमार नागटा,<br>निदेशक (संग्रहण एवं प्रशासन),<br>राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली-110001 | : | सदस्य |
| 3. | डा. आनन्द बर्धन,<br>सहायक प्रोफेसर,<br>दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ हेरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट,<br>18-ए सत्संग विहार मार्ग,<br>कुतब इंस्टिट्यूशन एरिया, नई दिल्ली-110067 | : | सदस्य |
| 4. | श्री पी. बीजू<br>निदेशक, केरल राज्य अभिलेखागार,<br>मुंबई, महाराष्ट्र | : | सदस्य |
| 5. | श्री सुशील गर्जे<br>निदेशक, अभिलेखागार विभाग,<br>मुंबई, महाराष्ट्र | : | सदस्य |
| 6. | श्रीमती रूपाली ठाकुर<br>निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग,<br>हिमाचल प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश | : | सदस्य |
| 7. | डा. सिमोन्ती सेन<br>पश्चिम बंगाल राज्य अभिलेखागार,<br>(पश्चिम बंगाल सरकार),<br>6, भवानी दत्ता लेन (शेक्सपीयर सरानी),<br>कोलकाता-700003, पश्चिम बंगाल | : | सदस्य |
| 8. | श्री विवो सपुई<br>निदेशक, कला एवं संस्कृति,<br>नागालैंड राज्य अभिलेखागार,<br>नागालैंड सरकार, नागालैंड | : | सदस्य |

अनुदान समिति की दूसरी बैठक इसलिए की गई क्योंकि स्कीम की कुछ आबंटित निधि अव्ययित रह गई। वित्तीय सहायता के प्रस्ताव 6 फरवरी 2018 तक आमंत्रित किए गए। इसके प्रत्युत्तर में **5 प्रस्ताव** प्राप्त हुए।

सदस्य सचिव ने स्कीम की मुख्य विशेषताओं के साथ-साथ मौजूदा वित्तीय वर्ष (2017-2018) के दौरान संवितरण हेतु उपलब्ध शेष निधि के बारे में भी जानकारी दी।

**भाग- I**

1. मध्य प्रदेश राज्य अभिलेखागार का केवल 1 प्रस्ताव सभी दृष्टि से पूर्ण था और अनुदान समिति ने **37,22,143/-रुपये** (केंद्रीय अंशदान) की राशि के लिए उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया।

1 राज्य सरकार की संस्था अर्थात् मध्य प्रदेश राज्य अभिलेखागार, भोपाल को कुल अनुमोदित अनुदान राशि **49,62,858/-रुपए** (उनचास लाख बासठ हजार आठ सौ अठावन रुपए) है, जिसमें अनुदानग्राही राज्य सरकार का **12,40,715/-रुपए** (बारह लाख चालीस हजार सात सौ पंद्रह रुपए मात्र) का 25 प्रतिशत समतुल्य अंशदान और केंद्र सरकार का **37,22,143/-रुपए** (सैंतीस लाख बाइस हजार एक सौ तैंतालीस रुपए मात्र) का केंद्र सरकार का 75 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

(विस्तृत जानकारी के लिए कृपया **अनुलग्नक-I** देखें)

**भाग-II**

अनुदान समिति ने 2 अन्य राज्य सरकार की संस्थाओं अर्थात् हिमाचल प्रदेश राज्य अभिलेखागार, शिमला और म्यूजियम रेफरेंस लाइब्रेरी, तिरूवनंतपुरम, केरल के प्रस्तावों को भी सिद्धांततः अनुमोदन प्रदान कर दिया जो मौजूदा वित्तीय वर्ष अर्थात् 2017-2018 के भीतर 25 प्रतिशत समतुल्य अंशदान के राज्य सरकार के अंशदान का आश्वासन प्राप्त होने की शर्त के अधीन होगा। अनुदान राशि पहले आओ पहले पाओ आधार पर निधियों की उपलब्धता के अधीन जारी की जाएगी।

**(संस्थाओं की सूची अनुलग्नक- II पर है)**

**समिति ने 2 मामलों को अनुमोदित नहीं किया जो कारणों के साथ अनुलग्नक-III पर दिए गए हैं।**

जैसाकि पंजाब राज्य अभिलेखागार, चंडीगढ़ को 7 सितम्बर, 2017 को हुई अनुदान समिति की पहली बैठक में अनुशंसित 37,50,000/-रुपए की अनुदान राशि अभी जारी की जानी है क्योंकि उनके बैंक का ब्यौरा अभी भी प्राप्त नहीं हुआ है। अतः अनुदान समिति ने सिफारिश की कि उन्हें अपने बैंक का ब्यौरा 10 मार्च, 2018 तक भेजने को कहा जाए, ऐसा न करने पर अनुदान उन संस्थाओं को जारी कर दिया जाएगा जिनकी अनुदान हेतु सिफारिश शर्त के आधार पर की गई है और पहले आओ पहले पाओ आधार पर अपेक्षित दस्तावेजों की प्राप्ति के अधीन है।

**बजट**

वर्ष 2017-2018 के लिए इस स्कीम के तहत मुख्य शीर्ष 2205 के अंतर्गत राज्यों के लिए बजट अनुमान (आयोजना) के तहत **1,00,00,000/-रुपए** की राशि का आवंटन किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य सहायता अनुदान (राज्य) | = | 95,00,000/-रुपए (आवंटित) |
| **व्यय** | = | **14,90,717/-रुपए (2 सरकारी संस्थाओं को जारी किए गए)** |
| **प्रतिबद्ध व्यय** | = | **37,50,000/-रुपए (पंजाब राज्य अभिलेखागार, चंडीगढ़ को अनुशंसित उनके बैंक के ब्यौरे की प्रतीक्षा है)** |
| **शेष राशि** | = | **42,59,283/-रुपए** |
| सामान्य सहायता अनुदान (यूटी) | = | 5,00,000/-रुपए **(आवंटित) (यूटी से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है)** |

**(चूंकि किसी यूटी प्रशासन से कोई प्रस्ताव उपलब्ध नहीं है, अत: मौजूदा वित्तीय वर्ष (2017-2018) के लिए कुल संवितरण योग्य राशि 95,00,000/-रुपए मात्र है)**

समिति ने राज्य/यूटी अभिलेखाकार के सभी प्रमुखों के साथ पारस्परिक सत्र हेतु अप्रैल 2018 में एक बैठक करने का सुझाव दिया। साथ ही, समिति ने आयुक्त, तमिलनाडु राज्य अभिलेखाकार, चेन्नई को उनकी रिकार्ड होल्डिंग्स पर प्रस्तुतीकरण देने और राष्ट्रीय अभिलेखाकार द्वारा जारी अनुदान राशि से किए गए कार्य का ब्यौरा उपलब्ध कराने की इच्छा व्यक्त की।

**(डा. एम. ए. हक)**
उप-निदेशक
राष्ट्रीय अभिलेखागार
और सदस्य सचिव, अनुदान समिति

**(प्रीतम सिंह)**
महानिदेशक
राष्ट्रीय अभिलेखागार
और अध्यक्ष, अनुदान समिति

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 6 मार्च 2018

**अनुलग्नक- I**

**उस राज्य पुरालेखीय भंडारगृह का नाम जिसे वित्तीय सहायता के लिए अनुशंसा की गई है।**

**(दूसरी अनुदान समिति की बैठक, 2017-2018)**

| **क्र.सं.** | **राज्य सरकार संगठनों का नाम** | **प्रयोजन** | **राशि** | | | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **अनशंसित परियोजना की लागत** | **75 प्रतिशत केंद्र सरकार के हिस्से के रूप में अनुदान अनुमोदित** | **राज्य सरकार का हिस्सा 25 प्रतिशत** | |
| 1. | **मध्य प्रदेश**<br>पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय महानिदेशालय, भोपाल, मध्य प्रदेश<br>एफ.सं.31-2(16)/2017-अनुदान | चार रिकार्ड रूप में भोपाल के पूर्व राज्य के रखे 50 मदों के ऐतिहासिक रिकार्डों के समुचित अनुरक्षण हेतु ऑप्टिमाइजर्स से **49,62,852/- रुपए** | 49,62,858/- रुपये | 37,22,143/- रुपए | 12,40,715/- रुपए | |
| | | **जोड़** | **49,62,858/- रुपये** | **37,22,143/- रुपए** | **12,40,715/- रुपए** | |

**अनुलग्नक- II**

**उन संस्थाओं की सूची जिनकी वित्तीय सहायता हेतु शर्त के आधार पर अनुशंसा की गई है जो शर्तों को पूरा करने और निधियों की उपलब्धता के अधीन होगी, निम्नानुसार है।**

| **क्र.सं.** | **संस्था का नाम** | **कुल परियोजना लागत** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| 1. | **हिमाचल प्रदेश**<br>हिमाचल प्रदेश राज्य अभिलेखागार, भाषा एवं संस्कृति विभाग, शिमला<br>एफ.सं.31-2(18)/2017-अनुदान | 50,00,000/- रुपए | चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए 25 प्रतिशत राज्य सरकार का आश्वासन प्राप्त होने के अधीन। |
| 2. | **केरल**<br>संग्रहालय संदर्भ पुस्तकालय,<br>संग्रहालय एवं प्राणी उद्यान विभाग,<br>तिरूवनंतपुरम, केरल<br>एफ.सं.31-2(17)/2017-अनुदान | 21,60,000/-रुपए | चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए 25 प्रतिशत राज्य सरकार का आश्वासन प्राप्त होने के अधीन। |

**अनुलग्नक- III**

**उन संस्थाओं की सूची जिनकी दूसरी अनुदान समिति द्वारा वित्तीय सहायता हेतु अनुशंसा नहीं की गई है।**

| क्र.सं. | संस्था का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | **तमिलनाडु**<br>तमिलनाडु अभिलेखागार एवं ऐतिहासिक अनुसंधान, गांधी इरविन रोड,<br>एगमोर, चेन्नई-8<br>एफ.सं.31-2(18)/2017-अनुदान | वर्ष 2016-17 के दौरान उन्हें दिए गए अनुदान हेतु लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्र |
| 2. | **नागालैंड**<br>नागालैंड राज्य अभिलेखागार,<br>कोहिमा, नागालैंड<br>एफ.सं.31-2(15)/2017-अनुदान | वर्ष 2016-17 के दौरान उन्हें दिए गए अनुदान हेतु लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्र |